अब सौंप दिया इस जीवन को | By Vidhi Sharma

अब सौंप दिया इस जीवन को
सब भार तुम्हारे हाथों में ।।.....
अब सौंप दिया इस जीवन का
सब भार तुम्हारे हाथों में ।। ......
है जीत तुम्हारे हाथों में
और हार तुम्हारे हाथों में ।।
अब सौंप दिया इस जीवन का.....

मेरा निश्चय बस एक यही
एक बार तुम्हें पा जाऊँ मैं ।।
अर्पण कर दूँ दुनिया भर का
सब प्यार तुम्हारे हाथों में ।।.....
अब सौंप दिया इस जीवन का
सब भार तुम्हारे हाथों में ।।
अब सौंप दिया इस जीवन का......

जो जग में रहूं तो ऐसे रहूं
जो जग में कमल का फूल रहे
मेरे सब गुण दोष समर्पित हों
करतार तुम्हारे हाथों में ।।......
अब सौंप दिया इस जीवन का
सब भार तुम्हारे हाथों में ।।
अब सौंप दिया इस जीवन का......

यदि मानव का मुझे जन्म मिले
तो तव चरणों की पुजारी बनूँ
इस पूजक की इक इक रग का
हो तार तुम्हारे हाथों में .....
अब सौंप दिया इस जीवन का
सब भार तुम्हारे हाथों में ।।
अब सौंप दिया इस जीवन का......

जब जब संसार का कैदी बनु
निष्काम भाव से कर्म करू
फिर अंत समय में प्राण तजु .....
मेरा कार तुम्हारे हाथों में
अब सौंप दिया इस जीवन का
सब भार तुम्हारे हाथों में ।।
अब सौंप दिया इस जीवन का......

मुझमें तुझमें बस भेद यही
मैं नर हूँ तुम नारायण हो
मैं हूँ संसार के हाथों में
संसार तुम्हारे हाथों में
अब सौंप दिया इस जीवन का
सब भार तुम्हारे हाथों में ।।

है जीत तुम्हारे हाथों में
और हार तुम्हारे हाथों में ।।
अब सौंप दिया इस जीवन का
सब भार तुम्हारे हाथों में ।।
अब सौंप दिया इस जीवन क ।।.....

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%85%e0%a4%ac-%e0%a4%b8%e0%a5%8c%e0%a4%82%e0%a4%aa-%e0%a4%a6%e0%a4%bf%e0%a4%af%e0%a4%be-%e0%a4%87%e0%a4%b8-%e0%a4%9c%e0%a5%80%e0%a4%b5%e0%a4%a8-%e0%a4%95%e0%a5%8b-by-vidhi-sharma/